खबर संक्षेप

### अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें - डॉ. सलोनी सिडाना

**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें। कार्य की प्रकृति के आधार पर प्राथमिकताएं तय करें। शासन के प्राथमिकता प्राप्त कार्यों के निर्वहन के साथ-साथ नियमित कार्यों पर भी पर्याप्त ध्यान दें। उन प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें जो अधिक समय से लम्बित हैं। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे सहित समस्त एसडीएम सहित संबंधित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नामांतरण, सीमांकन और बटवारा आदि के प्रकरणों का समय पर निराकरण करें। अधिक समय से लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। राजस्व न्यायालय द्वारा जारी आदेशों का क्षेत्र में पालन भी कराएं। पटवारी तथा आरआई द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रतिवेदनों की रेंडम आधार पर जांच करें। समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने वालों पर कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना को जल्द पूर्ण कराएं। धारणाधिकार के प्रकरणों का पात्रतानुसार निराकरण करें। साइबर तहसील के क्रियान्वयन के संबंध में पटवारियों का प्रशिक्षण आयोजित करें। कलेक्टर ने कहा कि समस्त एसडीएम अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी विभागों की समुचित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति लाने का प्रयास करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन, मतदाता सूची के पुनरीक्षण तथा न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब प्रस्तुत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

## महिलायें ही परिवार, समाज में अच्छे संस्कार और परिवर्तन ला सकती है: निर्मला नायक

# मातृशक्ति सम्मलेन का आयोजन

*** तीन सत्रों के दौरान विभिन्न विषयों पर हुआ चिंतन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




रविवार को माँ नर्मदा सामाजिक सेवा न्यास मण्डला के महिला समन्वय विभाग द्वारा एक दिवसीय मातृशक्ति सम्मलेन का आयोजन किया गया। 'भारतीय चिंतन में महिला' विषय पर स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में तीन सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जिले के 9 विकासखंडों की करीब 1200 महिलाओं ने सहभागिता की। इस सम्मलेन में निर्मला नायक पूर्व शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय जबलपुर एवं वसुंधरा सिंह अभाविप मध्य क्षेत्र की छात्रा प्रमुख मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रही। जिन्होंने अलग अलग सत्रों में उपस्थित मातृशक्तियों का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मातृशक्तियों के उत्साह वर्धन के लिए पीएचई विभाग की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके श्रोता के तौर पर उपस्थित रहीं।

### परिवेश में सुधार लाने के लिये महिलाओं की अहम भूमिका

सम्मलेन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिसके उपरांत आयोजित प्रथम सत्र की मुख्य वक्ता निर्मला नायक ने 'भारतीय चिंतन में महिला' विषय पर उपस्थित मात्रशक्तियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलायें ही परिवार और समाज में एक अच्छे संस्कार ला सकती है, वे पहले घर और बाद में समाज में परिवर्तन ला सकती है। आज के परिवेश में लोग संस्कार को भूल गये है, आत्मीयता नहीं रह गई है, बड़ों का सम्मान भूल गये है। इस परिवेश को सुधार लाने के लिये हम महिलाओं की अहम भूमिका है।



### निरंतर आगे बढ़ते रहने में ही मिलती है सफलता

प्रथम सत्र की मुख्य अतिथि 2013 में राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त एवं अशिक्षा को दूर करने में अपना जीवन समर्पित करने वाली उत्तरा पड़वार ने अपने सम्बोधन में कहा कि काम चाहे छोटा हो या बड़ा उसमें कठिनाइयों तो आती है, पर हमे पीछे नहीं हटना है। मन में संकल्प लेकर निरंतर आगे बढ़ते रहने में ही सफलता मिलती है। प्रथम सत्र में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शारदा सिंह कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मंडला उपस्थित थी। सत्र के दौरान मंच संचालन उर्मिला बैरागी ने किया।

### समस्यायों के उन्मूलन के लिए किया जाएगा कार्य

मातृशक्ति सम्मलेन का द्वितीय सत्र गट सह हुआ। सत्र में उपस्थित महिलाओं के शिक्षा, उम्र आदि के आधार पर 12 गट बनाये गए। जिसमें महिलाओं की स्थानीय समस्यायों जैसे सामाजिक, स्वास्थ्य, शैक्षणिक, नशा, व्यशन, अंधविश्वास, कुरीतियों, बाल विवाह जैसे विषय में बिंदु लेखन हुआ। चर्चा में आए विषयों को लेकर आगामी महीनों में योजना बनाई जाएगी और चिन्हित गांवों में इन समस्यायों के उन्मूलन के लिए कार्य किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली मातृशक्तियों के मार्ग पर चलें

सम्मलेन का तीसरे सत्र का विषय 'भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका' था। सत्र की मुख्य वक्ता अभाविप मध्य क्षेत्र की छात्रा प्रमुख वसुंधरा सिंह ने आज की युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि किसी में क्षेत्र में जाने के लिये हम उन मातृशक्तियों को याद करें जिन्होंने अपने कार्य से प्रदेश या देश को गौरवान्वित किया है। वे प्रशासनिक, धार्मिक, राजनैतिक किसी भी क्षेत्र में अग्रसर हों हमें भी उनके मार्ग पर चलना चाहिए। इस तृतीय सत्र की मुख्य अतिथि मृदुला कल्पिवार डायरेक्टर मृदु किशोर ग्रुप एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर आशिमा पटैल रावतपुरा सरकार पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रही। इस सत्र का मंच संचालन उर्वशी राय ने किया। इस दौरान जिले भर से बड़ी संख्या में पहुंची मातृशक्ति एवं माँ नर्मदा सामाजिक सेवा न्यास मण्डला के महिला समन्वय विभाग की कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# बाघ की खाल सहित तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मण्डला जिले में वन्य प्राणी तस्करी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा मण्डला जिले में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी को कार्रवाई करने करने के निर्देश जारी किए थे जिसको लेकर बिछिया थाना में गुप्त सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति बाघ की खाल लेकर मेढा ताल में लेकर बेचने की फिराक में है। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक धनपाल बिसेन द्वारा वरिष्ठ अधिकारी को सूचना से अवगत करवाया गया सूचना के आधार पर एसडीओपी बिछिया के निर्देश के अनुसार थाना प्रभारी बिछिया के द्वारा एक टीम का गठन किया गया टीम के द्वारा घेराबंदी की गई और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को कुछ देर इंतजार करने के बाद पकड़ा गया तलाशी ली गई तलाशी के दौरान राष्ट्रीय पशु वन्य प्राणी बाघ की खाल बरामद की गई जिसका नाम पता पूछा तो पूछने पर व्यक्ति अपना नाम फूलचंद पिता सहारू बट्टी जाति गोड उम्र 60 वर्ष निवासी बाकल थाना उगली जिला सिवनी का रहने वाला बताया उस विधिवत कार्रवाई करते हुए जिसके पास से राष्ट्रीय पशु वन्य प्राणी बाघ की खाल बरामद की गई जिसे मौके पर ही सील बंद किया गया अपराध विवेचना के दौरान थाना बिछिया मे अपराध क्रमांक 494 /23 धारा 2',9,49,B 50,51 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में थाना बिछिया के निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धुर्वे उप निरीक्षक जगदीश पंन्द्रे सहायक उप निरीक्षक धनपाल विसेन प्रधान आरक्षक अजीत परते आरक्षक गजरूप सिंह सैनिक महावीर प्रसाद झारिया क्रमांक 130 अंबिका प्रसाद भांडे क्रमांक 137 का सराहनीय योगदान रहा।



# जिला चिकित्सालय में किया कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हड्डी से संबंधित कठिन उपचार के लिए अब तक जिलेवासियों को नागपुर, जबलपुर व अन्य महानगरों तक जाना पड़ता रहा है लेकिन अब कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के प्रयास और जिला चिकित्सालय में आधुनिक मशीनों की उपलब्धता किये जाने से यह सुविधा अब जिलेवासियों को मंडला चिकित्सालय में ही मिलने लगी है। जिला चिकित्सालय मंडला में कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी की गई है। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टॉफ ने सफल ऑपरेशन किया है।

जानकारी के मुताबिक कटरा मंडला निवासी संतोष झारिया 35 वर्ष गिर गये थे जिन्हें कूल्हे में दर्द की शिकायत बताई गई थी। जिला चिकित्सालय में 19 दिसंबर को भर्ती होने के बाद एक्सरे कराया गया जिसमें नेक फीमर बोन टूट जाना सामने आया। मरीज को कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। मरीज निश्चतेना जांच में अनफिट पाया गया लेकिन जिला चिकित्सालय मंडला के निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ.प्रवीण उइके इस ऑपरेशन को जिला अस्पताल में ही करने में सहमत हुए। जिला अस्पताल में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के प्रयास से आधुनिक मशीनों की उपलब्धता हो सकी है। जिससे 8 जनवरी 2024 को मरीज का फिटनेस मिलने के बाद हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमेन्द्र चौहान, डॉ. सूरज मरावी व टीम के द्वारा बाएं कूल्हे का सफल प्रत्यारोपण किया गया। जिला अस्पताल स्तर में इस तरह की जटिल सर्जरी बडी सफलता मानी जा रही है।



### इस टीम ने की सर्जरी

इस जटिल ऑपरेशन की टीम में निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण उइके, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.हेमेन्द्र चौहान, डॉ. सूरज मरावी, नर्सिंग ऑफिसर शहनाज खान, हेमलता डहरवाल, योगिता मरावी, कमेश्वरी पटले, अंकिता पटेल, स्नेहलता पीटर, स्वाती कौशल, ब्रजेन्द्र बैरागी, वार्ड बॉय अमित वनवासी, भूवन पटेल, स्वीपर विमला और गीता शामिल रहीं।

## अल्पसंख्यक जिला कार्य समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार अल्पसंख्यक जिला कार्य समिति की बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला पर आहूत की गई बैठक में मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा के साथ आगामी कार्यक्रमो के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में प्रदेश कार्यालय से नियुक्त बैठक प्रभारी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुश्री रोजाना कुरैशी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जाकीर हुसैन एवं जिला महामंत्री ज़हुर मोहम्मद सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्य समिति सदस्य / समस्त मंडल अध्यक्ष /महामंत्री एवं मोर्चे के वरिष्ठ कार्यकर्ता आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।

**बैठक** | **समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

# आंकड़े नहीं, परिणाम बताएं-डॉ. सिडाना

*** नलजल योजना तथा हेंडपंपों में सुधार की कार्यवाही करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। पूरी क्षमता से कार्य करते हुए प्रत्येक हितग्राही को पात्रतानुसार शासन की योजनाओं से आच्छादित करें। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताने से बेहतर क्षेत्र में परिणाम प्रदर्शित करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरणों का समय सीमा में सकारात्मक निराकरण करें। प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत कराने का प्रयास करें। 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें। उन्होंने एसडीएम को जनपद तथा अनुविभाग स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि अभियान चलाकर नलजल योजना तथा हेंडपंपों में सुधार की कार्यवाही करें। ईईपीएचई स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मॉनिटरिंग करें। उपार्जन में परिवहन की गति बढ़ाएं। न्यायालयीन तथा अवमानना प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रत्येक प्रकरणों पर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक शासकीय अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी पोर्टल पर अंकित कराएं। सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त किए बगैर कोई भी अधिकारी मुख्यालय न छोड़े। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन अभियान, विकसित भारत संकल्प यात्रा आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।



### स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करें एसडीएम

बैठक में स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक बेहतर कार्य करते हुए मरीजों को अच्छा उपचार प्रदान करें। एसडीएम अपने क्षेत्रांतर्गत आने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाएं। स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान पंजीयन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी संबंधितों से समन्वय करें।

### रजिस्टर में संधारित करें बैगा हितग्राहियों की जानकारी

बैठक में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय कर प्रत्येक बैगा को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें। प्रत्येक बैगा तक पहुंच करें तथा वंचित हितग्राहियों की सूची तैयार कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने की कार्यवाही करें। इस संबंध में उन्होंने पंचायत स्तर पर रजिस्टर संधारित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि रजिस्टर का संधारण पंचायत सचिव, जीआरएस तथा पटवारी द्वारा किया जाएगा। जिला तथा क्लस्टर स्तर के अधिकारी ग्राम भ्रमण के दौरान इस रजिस्टर का अनिवार्य रूप से अवलोकन करेंगे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम सौपा ज्ञापन



*** छात्रवृत्ति की सभी पोर्टल जल्द खोलने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मण्डला नगर के द्वारा रानीदुर्गावती महाविद्यालय मंडला में उच्च शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल जल्द खोलने की मांग की गई विद्यार्थी परिषद का कहना है कि प्रदेश के डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी आज छात्रवृत्ति संबधी विभिन्न प्रकार की योजनाएं बंद होने के कारण प्रभावित हो रहें हैं विगत 6 माह से छात्रवृति का पोर्टल ठप होने के कारण इस वर्ष प्रवेश लेने विद्यार्थियों को पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति, आवास, गाँव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना का लाभ नही मिल रहा है आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का विद्यार्थी जो छात्रवृत्ति संबधित योजनाओं के माध्यम से महाविद्यालय में प्रवेश लेते है अब उन विद्यार्थियों को आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री कु. शालिनी वर्मा ने बताया कि बजट व तकनीकी खराबी का हवाला ना देते हुए छात्रहित में निर्णय कर सरकार तत्काल रूप से छात्रवृत्ति के सभी पोर्टल प्रारंभ करें ताकि ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले संबल, पोस्टमेट्रिक जैसी छात्रवृत्ति योजनाओं के सहारे ही उच्च शिक्षा में विद्यार्थी वर्ग का नामांकन प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ता है, ऐसे में 6 माह से छात्रवृत्ति के पोर्टल बंद होना उच्च शिक्षा की नाकामी दशार्ता है साथ ही शैक्षणिक व्यवस्थाओं के प्रति विद्यार्थी वर्ग का विश्वास भी घटता है अभाविप के प्रदेश मंत्री श्री माखन शर्मा ने बताया कि छात्रवृत्ति के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहायता प्राप्त होती है जिससे अध्ययन, आवागमन, परीक्षा शुल्क जमा करने आदि में कई हद तक छात्रवृत्ति का सहारा होता है एवं प्रदेश के हर महाविद्यालय के विद्यार्थी छात्रवृति ना मिलने के कारण अनेक कष्ट सह रहे हैं। महाविद्यालय अध्यक्ष स्पर्श मिश्रा महाविद्यालय मंत्री तनुश्री बरमैया सहित अन्य कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## भाजपा हर वर्ग का ध्यान रखने वाली पार्टी

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** प्रदेश से लेकर केन्द्र में शासन करने वाली भाजपा पार्टी द्वारा जिस तरह सभी वर्ग के लोगों का ध्यान रखते हुये अपनी योजनाओं का लोगों को लाभ दियाा जा रहा है उसक परिणाम है कि हर वर्ग के लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने मिल रही है। इस तरह शासन की किसानों के लिये कटिया मशीन वितरण कृषि विभाग द्वारा भाजपा विधान सभा संयोजक राजीव राय सहित जय प्रकाश वर्मा, लक्ष्मीकांत तिवारी, लक्ष्मण वर्मा, मुकेश नागपुरिया, आशीष अग्रवाल सहित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कुंदन सिंह मडलोई सहित अन्य लोगों की मौजूदगी में किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये भाजपा नेता राजीव राय ने कहा कि इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिस तरह आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुये अपनी योजनाये चला रही है उसका परिणाम है कि सरकार की योजनाओं से अंतिम छोर पर बैठा हुआ व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कार देखने मिल रही है। सरकार की ही योजना का परिणाम है कि हमारे किसान भाईयों को अपनी मवेशियों के लिये बगैर किसी परेशानी के उनका भोजन तैयार करते हुये अच्छे से भरण पोषण कर सके। सरकार की सोच थी कि किसान भाई अपने घरों में पशुओं को पालते है। मगर उनके भरण पोषण के लिये पशु आहार तैयार करने में परेशान होना पड़ता है। क्योंकि किसान खेतों से घास काटकर अपने हाथों से उसका कटिया करते हुये पशुओं के खाने के लिये तैयार करते है। क्योंकि कटिया मशीन बाजार में तो आसानी से मिल जाती है। मगर उनकी कीमत अधिक होने के चलते किसान भाईयों को बाजार से खरीद करने में काफी आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ता था। मगर अब किसानों के लिये हमारी सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के आधार पर कटिया मशीन उपलब्ध करा रही है।

## सरकारी बैकों में दलालों का राज


**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाए चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रिडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है। मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैंकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंक में देखा जा रहा है। जहां पर क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है? क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए बताया किइन दिनों क्षेत्र की बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है। वही किसान अपना किसान क्रेडिट कार्ड अन्य कार्यो के लिए परेशान होते देखे जा रहे है? जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनबाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है? जब वह उनके पास पहुचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है, इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनो तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है, इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनबात ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है? इस प्रकार के दलाल शहरों की बैको से लेकर ग्रामीण बैकों में आसानी से देखने मिल सकते है, जो अधिकारियों के बंगलों से लेकर तहसील कार्यालय में मजबूर किसानों को खोजते फिरते है।

# नही सुलझा पाई पुलिस अंधे हत्याकांडों की गुत्थी

## कलेण्डरों के पन्नों के साथ बदलते रहे जिला से लेकर क्षेत्रीय थानों के अधिकारी











**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

हर वर्ष देखा जाता है कि जब पुराना वर्ष निकलता है और नया वर्ष आता है तो निश्चित तौर से आमजन से लेकर शासकीय कार्यालयों में नया वर्ष मनाते हुये अपने अपने तरीके से खुशियों का इजहार किया जाता है। वही दूसरी ओर पुलिस थानों से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा भी बीते हुये वर्ष में अर्जित की गई सफलता तथा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का डाटा तैयार करने के साथ सफलताओं पर वाही वाही लूटने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस वर्ष भी देखने मिली है जब पुराना वर्ष 2023 समाप्त होने के बाद नया वर्ष 2024 शुरू हुआ तो लगभग सभी पुलिस थानों में पुराने रिकार्ड का अधिकारियों को गुणाभाग करने के साथ बीते हुये वर्ष की सफलताओं पर खुशी मनाते हुये देखे गये। मगर उन अंधे हत्याकांडो की असफलताओं को भुला दिया जाता है जो वर्षो से पुलिस रिकार्ड में दर्ज होने के बाद उनका राज खोलने में पुलिस असफल देखी जा रही है जिसके चलते जहां पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगते हुये देखा जा रहा है? क्योंकि बीते हुये वर्षो में जिस तरह गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अलग अलग पुलिस थानों क्षेत्रों में घटित हुये संदिग्ध अंधे हत्याकांडों की गुत्थी सुलझाने में पुलिस असफलता के चलते उनके परिजन हर वर्ष न्याया की उम्मीद के चलते अपने घरों में लगे हुये कलेण्डरों के पन्ना पलटाते हुये देखे जाते है तो दूसरी ओर इन अंधे हत्याकांडों की फाईल आज भी पुलिस थानों के रिकार्ड में दबकर मृतकों की आत्माये न्याय के लिये चिल्लाते हुये देखी जा रही है? इस तरह गाडरवारा तहसील क्षेत्र में घटित हुये पांच अंधे हत्याकांडों की कहानी निश्चित तौर से असफल रहने के कारण पुलिस के लिये एक चुनौती बनते हुये देखी जा रही है। इस तरह पुलिस की फाइलों में दबे हुये अंधे हत्याकांड की सच्चाई पर गौर किया जावे तो राम स्वरूप अंधा हत्याकांड- ज्ञात हो कि 21 मई 2012 को गाडरवारा पुलिस थाना के अंतर्गत ग्राम कठौतिया बरेली के पास रेल लाईन के सिंगला पुल के पास रेल लाईन पर एक युवक की लाश पड़ी हुई पाई गई थी, जिसकी पहचान पुलिस द्वारा राम स्वरूप पिता डाल चंद कौरव उम्र 25 वर्ष निवासी महंगुवा खुर्द के रूप में किये जाने के साथ साथ जिस तरह युवक के शव के हाथ बंधे हुये पाया गया था उसे देखते ही यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा था कि किसी व्यक्ति द्वारा युवक की हत्या करते हुये अपनी सच्चाई छिपाने के लिये उसकी हत्या करते हुये रेल लाईन पर डाल दिया गया है। इसी के चलते पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला तो दर्ज किया गया था। मगर इस अंधे हत्याकांड को आज 11 वर्ष का समय बीत चुका है। मगर आरोपियों का पता लगाने में पुलिस के हाथ आज भी खाली के खाली ही नजर आ रहे है? मुकेश मेहरा अंधा हत्या कांड- इस अंधे हत्याकांड को लेकर बताया जाता है कि 14 मई 2017 को समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत लोगों द्वारा ग्राम रातीकरार के पास लगे हुये एक रिस्सले के पेड़ से युवक की फांसी पर लटकी हुई लाश पाई गई थी, जिसकी जांच उपरांत मृतक की लाश की पहचान मुकेश पिता रमेश मेहरा उम्र 30 वर्ष निवासी रातीकरार के रूप में की गई थी। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा शुरूआती तौर में तो इस मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया जा रहा था..? मगर जब मृतक के पोस्ट मार्टम रिर्पोट आई तो पुलिस द्वारा घटना के ठीक 12 दिन बाद इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का का मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया था। मगर इस अंधे हत्याकांड का राज सुलझाने की बात तो दूर पुलिस आरोपियों की खोज करने में भी आज 6 साल का समय बीत जाने के बाद भी असफल दिखाई पड़ रही है। टिमरावन मासूम दुर्गा हत्या कांड- कुछ इसी प्रकार से समीपस्थ पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम टिमरावन निवासी मधु लोधी की 6 वार्षिय मासूम बेटी कुमारी दूर्गा लोधी 30 जनवरी 2018 को खेलते खेलते अपने घर से गायब हो गई थी, जिसकी 14 फरवरी 2018 को गांव से कुछ दूर एक गन्ना के खेत विभात्स स्थिति में लाश पाई गई थी, जिसे पुलिस द्वारा पोस्ट मार्टम के लिये गाडरवारा चिकित्सालय भेजा गया था। मगर लाश की स्थिति भयानक हो जाने के कारण जबलपुर भेजा गया था। वही घटना की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से मासूम अपने घर से गायब हुई थी उसी रात को विशेष चंद्र ग्रहण लगा था और जिस स्थिति में मासूम की लाश पाई गई थी उसे देखकर अनुमान लग रहा था कि निश्चित तौर से यह तंत्र मंत्र के लिये हत्या का मामला है। इसके बाद मासूम के शव परिक्षण की रिपोर्ट आने के बाद मासूम के हत्या की सच्चाई उजागर होने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला तो दर्ज किया गया था। मगर दुर्गा अंधे हत्याकांड का राज आज भी पुलिस की फाईलों में एक राज ही बना हुआ है। कौडिया शमशानघाट अंधे हत्याकांड- कुछ इसी तरह से 22 दिसम्बर 2019 को समीपस्थ ग्राम कौड़िया शमशान घाट के पास एक युवक की अंधजली लाश मिली थी, जिसे देखते हुये ही यह अनदेशा लगने से नही चूक रहा था कि किसी ने युवक के साथ मारपीट करते हुये उसकी हत्या करने के बाद सच्चाई को छिपाने के लिये प्रयास किया गया है। जिसके चलते इस मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में तो लिया गया था। मगर इस घटना को भी पूरे पांच वर्ष का समय बीते जाने के बाद भी आज तक पुलिस न तो मृतक का पता लगा पाई है और न ही युवक की हत्या करने वाले आरोपियों की खोज करने में सफल हुई जिसके चलते इस अंधे हत्याकांड का राज भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे करने से नही चूक रहा है? पिठरास के दुल्लीचंद की संदिग्ध मौत का राज- समीपस्थ सांईखेड़ा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम तूमड़ा के समीप बीते हुये 22 जनवरी 2023 को ग्रामवासियों द्वारा वही के निवासी अखिलेश खैमारिया के गेंहू खेत में एक अज्ञात युवक की संदिग्ध स्थिति में लाश पड़ी हुई देखी गई थी? इस तरह लाश मिलने की खबर से जहां संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल पैदा होने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने पर सांईखेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश के संबंध में जानकारी एकत्र करने की सोच के चलते जब शव के जेबों की तालाशी ली गई थी तो पुलिस को मृतक के कपड़ो से एक नारियल सहित कुछ खिलौने व मोटर साईकिल में उपयोग होने वाला प्लक पाना व अन्य सामग्री पाये जाने पर मृतक की पहचान ग्राम पिठरास निवासी दुल्लीचंद पिता हल्के नौरिया उम्र लगभग 48 वर्ष के रूप में होने पर घटना की सूचना मृतक के परिजनों को देते हुये शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम करने के बाद शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र सांईखेड़ा पोस्ट मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौप दिया गया था। वही जब पुलिस द्वारा मृतक के शव की जांच की जा रही थी और मृतक के हाथ पर पाये गये निशानों से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि शायद दुल्लीचंद की मौत करेंट लगने से हुई है। वही पोस्ट मार्टम रिर्पोट के अनुसार भी दुल्ली चंद की मौत का कारण करेंट बताया जा रहा था..? मगर मौके की सच्चाई को देखत हुये सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि जिस जगह युवक की लाश पाई गई है उस जगह पर न तो किसी तरह बिजली के तार दिखाई पड़ रहे थे और जिस गेंहू खेत में लाश पड़ी हुई थी वह खेत भी सूखा नजर आने से यह बात उजागर करते हुये दिखाई दे रही थी कि वह स्थान गिला नही था जिससे जमीन में करेंट फैलने की संभावना जताई जा सके..? वही मृतक दुल्ली चंद की मौत के संबंध में जब परिजनों से चर्चा की गई थी तो मृतक पुत्र शिवम नौरिया द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया था कि उसके पिता यानि की दुल्लीचंद एक दिन पहले 21 जनवरी दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से माँ नर्मदाजी के घेरा घाट जो शायद होशंगाबाज जिले के अंतर्गत आता है। वहां पर किसी के यहां पूजन कार्यक्रम में शामिल होने की बात कहकर घर से एच एफ डीलक्स लाल रंग की मोटर साईकिल से निकला हुये थें। मगर दूसरे दिन यानि 22 जनवरी 2023 को पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि उनकी लाश पाई गई जिसे हमारे द्वारा मौके पर पहुंचकर दुल्लीचंद नौरिया के रूप में पहचान की गई थी तथा जब हमने मौके पर देखा तो दुल्ली चंद की लाश ओंधे मुंह पड़ी हुई थी तथा उसके हाथ व पांव पर निशान दिखाई दे रहे थें तो दूसरी ओर मुंह से भी खून निकलते हुये दिखाई पड़ रहा था। इस प्रकार से एक दिन पहले घर से निकले हुये दुल्लीचंद की मौत को लेकर जहां परिजनों द्वारा हत्या का संदेह व्यक्त किया था तो दूसरी ओर यदि घटना स्थल की सच्चाई पर गौर किया जावे तो दुल्ली चंद की मौत अपने आप ही संदिग्ध प्रतीत होने से नही चूक पा रही थी? क्योंकि जिस तरह मृतक के शव पर करेंट लगने के निशान तो दिखाई तो पड़ रहे थें। मगर सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा था कि जिस जगह गेंहू के खेत में दुल्लीचंद की लाश पाई गई है उस स्थान से बिजली लाईन काफी दूर है? वही दुल्ली चंद की मौत करेंट ही लगने से हुई है तो फिर जिस जगह उसको करेन्ट लगा होगा शव वही मिलना चाहिये था जहां पर लाश पाई गई है वहां तो बिजली लाईन ही नही थ..? इस तरह दुल्लीचंद की मौत पूर्ण से संदिग्ध बनने के बाद आज तक इस मौत का राज न खुल पाना जहां चर्चा का विषय बना है...? मगर आरोपियों की खोज करने में पुलिस की असफलता निश्चित ही बीते हुये वर्ष की सफलताओं के नाम पर सीना फुलाकर वाही वाही लूटने वाले अधिकारियों की सच्चाई पर ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रही है....? इस तरह से देखा जावे तो बीते हुये कई वर्षो से कलेण्डरों के पन्नों के साथ साथ जिला से लेकर क्षेत्र के पुलिस थानों में भी अधिकारी भी बदलते चले जा रहे है। मगर क्षेत्र के घटित हुये इन पांच अंधे हत्याकांडो के राज पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये चुनौती बनने से नही चूक पा रहे है?

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

प्रदेश की राजधानी को गाडरवारा से जोडने वाला प्रमुख मार्ग यानि की स्टैट हाईवे क्रमांक 22 की दुर्दशा व वाह चालकों की मनमानी का परिणाम है कि आये दिन इस मार्ग पर घटनाये घटित होने से लोगों की जिन्दगी बे मौत मरने जैसी बन चुकी है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार की देर शाम उस समय देखने मिली जब रेल विभाग में काम करने वाले सालीचौका क्षेत्र निवासी युवक अपने काम से कही जा रहा था उसी दौरान ग्राम बेलखेडी के पास एक वाहन द्वारा इस तरह टक्कर मारी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम आमढाना सांवरी निवासी सुरेन्द्र लोधी जो गाडरवारा रेल्वे स्टेशन फिटर के तौर पर कार्य करता था। वही अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 49 एम बी 9854 पर सबार होकर शाम लगभग 7 बजे सालीचौका से गाडरवारा की ओर जा रहा था उसी दौरान ग्राम बेलखेडी नांदनेर रेवाश्री पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने के चलते सुरेन्द्र लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची हुई सालीचौका पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है।



# मोटर साईकिल को अपनी चपेट में लेते हुये रैलिंग विहीन नांदनेर नदी से नीचे गिरा ट्रक, एक व्यक्ति की मौत होने की खबर, नदी पर चालक को दो पुल दिखाई देने की अफवाहन ने फिर पकडा जोर...?

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौडने वाले की मनमानी व मौसम के मिजाज के चलते आये दिन घटनाये घटित होना जहां आम बात बन चुकी है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले पुल पुलियों पर रैंलिग उपलब्ध न होने का परिणाम वाहन चालकों को अपनी जिन्दगी दांव पर लगने से नही चूक पा रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये रविवार- सोमवार की दरम्यानी रात समीपस्थ ग्राम नांदनेर के पास से गुजरी हुई नदी के पुल से एक ट्रक के नीचे गिर जाने की घटना सामने आई है। बताया जाता है कि रविवार की देर रात स्टैट हाईवे क्रमांक 22 पर जब एक ट्रक जा रहा था और अचानक वहं नांदनेर के पास रैंलिग बिहीन पुल से नीचे गिर जाने के चलते जहां पानी में जा पहुंचा। वही देखा गया कि ट्रक के साथ एक मोटर साईकिल भी पुल से नीचे गिरी है जिसमें एक युवक की मौत होने की खबर मिली है..? वही इस तरह घटित हुई घटना के संबंध में अभी तक यह बात स्पष्ट नही हो पाई है कि यह ट्रक कोहरा के चलते बेलगाम होकर नदी में गिरा है या फिर मोटर साईकिल चालक को बचाने के चक्कर में यह घटना घटित हुई है। वही बताया जाता है कि इस घटना में एक युवक की मौत हुई है उसकी पहचान मुकेश पिता विजय सिंह बंजारा उम्र 25 वर्ष निवासी राजस्थान के रूप में करते हुये पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया है। वही घटना को लेकर पुलिस से चर्चा की गई तो उसका कहना है कि नांदनेर के पास नदी से देर रात एक ट्रक व एक मोटर साईकिल नीचे गिर गये है। वही अभी तक यह बात स्पष्ट नही हो पाई है कि पुलिस की 100 वाहन घायल अवस्था में जिस व्यक्ति को लेकर शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंची थी जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है। वह ट्रक का चालक है या फिर मोटर साईकिल साबर था। वही समाचार लिखे जाने तक नदी में गिरे हुये ट्रक को वाहन निकाले जाने का प्रयास जारी थी। वही दूसरी ओर मान लिया जावे तक मृतक मोटर साईकिल सबार था तो फिर सबाल यह पैदा हो रहा है कि ट्रक का चालक व परिचालक कहा गायब है इसका पता किये जाने का प्रयास किया जा रहा है? इस तरह नदी से नीचे गिरे हुये ट्रक को देखने के लिये सुबह होते हुये ग्राम नांदनेर सहित क्षेत्र के अनेक गांवों का हूजुम उमडने से नही चूक पाया था..? क्योंकि नांदनेर के पास से निकली हुई यह नदी सदा ही चर्चा का विषय बनी रहती है? ज्ञात हो कि काफी वर्ष पहले इस पुल से सबारियों से भरा हुआ एक डग्गा गिरने की घटना घटित हुई थी तभी से लोगों में यह चर्चा सुनी जाने लगी थी कि जब रात के समय इस पुल से कोई वाहन गुजरता है तो उसे दो पुल दिखाई देते है..? इस तरह क्षेत्र में कुछ वर्ष पहले फैली हुई अफवाह के चलते इस मार्ग से रात के समय वाहन निकालने में जहां वाहन चालकों में काफी दहशत देखी जाने लगी थी, मगर ज्यो ज्यो समय निकलता गया है और यह अफवाह ठंडी पड़ चुकी थी। मगर बीते हुये रात पुल से ट्रक गिरने की घटना ने इस अफवाह को फिर आग में घी डालने जैसा काम कर दिया गया है...?



# रेल पुलिस ने समाज सेवा के रूप में बनाया अपना 157वां स्थापना दिवस, पूरे सप्ताह आयोजित किये अनेक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जब कोई भी व्यक्ति ट्रेन में यात्रा करता है तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदार रेल पुलिस द्वारा करते हुये देखा जाता है। जिसको लोग यह करने से नही चूकते है कि यह तो रेल पुलिस का दायित्व है? मगर रेल पुलिस द्वारा अपने दायित्व का निष्ठा के साथ निर्वाहन करते हुये इस तरह समाज सेवा करते हुये भी देखी जाती है जिसकी शायद ही कभी किसी के द्वारा कल्पना नही की गई होगी। बताया जाता है कि बीते हुये दिनो प्रदेश स्तर पर रेल पुलिस द्वारा अपना 157 वां स्थापना दिवस समाज सेवा के रूप में मनाते हुये 1 जनवरी से 7 जनवरी तक अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसका समापन बीते हुये सोमवार को नगर के रेलवे स्टेशन में रेल पुलिस द्वारा करते हुये पत्रकारों को अनेक प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया गया। इस तरह रेल पुलिस द्वारा अपने स्थापना दिवस को समाज सेवा के रूप में मनाने को लेकर थाना प्रभारी व्ही पी मिश्रा के नेतृत्व में गाडरवारा रेल पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा साप्ताहिक कार्य योजना बनाते हुये अलग अलग कार्यक्रम आयोजन किये गये। जिसमें मुख्य रूप से वृद्व व दिव्यांग रेल यात्रियों की सेवा करते हुये उन्हें यात्रा के दौरान किस किस तरह सावधानी बरतने चाहिये इसके प्रति जागरूक किया गया तो वही दूसरी ओर रेल विभाग द्वारा सुरक्षा के क्षेत्र में किस किस तरह की योजनाये चलाई जा रही तथा उनका लाभ किस तरह लेना चाहिये इस सच्चाई से भी जागरूक किया गया। वही दूसरी ओर यात्रा के दौरान महिलाओं के साथ घटित होने वाली घटनाओं से उन्हें सावधान रहने के प्रति जागरूक करने के आलवा रेल यात्री महिलाओं से इस बात की जानकारी भी ली गई कि उन्हें यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिसमें रेल पुलिस सुधार ला सके इस तरह के सुझाव मांगे गये। वही स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान रेल पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध घूमने वालों सहित अन्य प्रकार की अपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने वाले लोगों के खिलाफ सघन चैकिग अभियान चलाया गया। वही दूसरी ओर छटवे दिवस नगर के रेल्वे स्टेशन पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय चिकित्सालय के डा त्रिभुवन सिंह, स्टेशन प्रबंधक जी पी मालवीय, जीआरपी/ आर पी एफ के आलवा रेल्वे स्टेशन पर अन्य कर्मियों का स्वास्थ्य परिक्षण करते हुये उन्हें जरूरी दवाईयों का वितरण किया गया। इस तरह रेल पुलिस द्वारा अपने स्थापना दिवस पर एक सप्ताह तक चलाये गये साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान जिस तरह समाज सेवा के रूप में समर्पित किया गया है वह निश्चित तौर से उल्लेखनिय रहा।






**खबर संक्षेप**

## अमरपुर में बजाज शोरूम का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में अजमेरी मोटर्स के नाम से सोमवार को बजाज शोरूम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे किया गया। जिससे क्षेत्र वासियों को एक और सुविधा उपलब्ध हो गई हैं। वाहन खरीदी के लिए जिला मुख्यालय या अन्य जगह जाना पड़ता था। वह सुविधा अब अमरपुर में ही मिल सकेगा। ग्राहक अपनी पसंदीदा बाइक अमरपुर से ही नगद या लोन पर लिया जा सकता हैं। जिस शोरूम के संचालक मोहम्मद आसिफ तुर्क ने बताया कि पहले ही शुभारंभ किया जाना था, जो नववर्ष के शुभ अवसर पर सोमवार को शुभारंभ किया गया हैं। उद्घाटन समारोह में गांव के गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने बधाई प्रेषित किया।

## जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सचिव डी.डब्लू.एस.एम, सहायक यंत्री और उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री विकास ने बैठक में बैगा बस्तियों में जल की उपलब्धता एवं नलजल योजना के तहत नलजल प्रदाय का फीडबैक लेने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल ऐसे ग्राम जहां नलजल योजना छोटे-मोटे कारण से बंद स्थिति में है उनकी जानकारी एकत्र कर शीघ्र चालू करवाने को कहा है। जिन ग्रामों में पेयजल की विकट समस्या है तथा निराकरण करने में भी कठिनाई हो रही है उनकी सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नलजल राजकुमारियों की सूची एवं बैठक आयोजित करने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। नलजल राजकुमारी की बैठक 26 जनवरी के पूर्व की जाएगी। जिसके लिये वैच तैयार करने कहा गया है। ऐसे नलजल योजनाऐं जिनका संचालन संबंधित पेयजल समिति, स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है, जिनमे उत्कृष्ट कार्य हेतु गणतंत्र दिवस में निमंत्रित करने को कहा गया है। साथ ही उत्कृष्ट कार्य के लिये ठेकेदार, उपयंत्री, नलजल राजकुमारी आदि का नाम प्रसस्ति पत्र के लिये प्रेषित करने के निर्देश दिये गए हैं। नलजल योजनाओं के अवयव जैसे पेयजल स्त्रोत, टंकी आदि के पास सौन्दर्यीकरण करने और नलजल योजनाएँ जहां हस्तांतरण के उपरांत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक के रूचि न लेने तथा सहयोग न करने से बंद है उनकी सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये गये।

## सोशल मीडिया में प्रसारित बिलगांव परियोजना अंर्तगत नहर में सीपेज की समाचार की वस्तु स्थिति

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग डिंडोरी ने सोशल मीडिया में प्रसारित बिलगांव परियोजना अंर्तगत नहर में सीपेज की समाचार की वास्तिविक वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए बताया है कि बिलगांव मध्यम परियोजना के तहत बनी नहर लीकेज होने से किसानों के खेतों में भरा पानी की खबर बिलगांव परियोजना अंतर्गत करौंदी माइनर नहर की है। उन्होंने नहर से सिपेज के कारण को स्पष्ट किया करते हुए बताया कि नहर की कंक्रीट लाइनिंग क्षतिग्रस्त होने से हुए होल से नहर में रिसाव हो रहा है। जोकि नहर से लगी जमीन के कृषको द्वारा नहर के बैंक के आउटर स्लोप को काट कर खेती करने हेतु नुकसान पहुंचाये जाने से नहर के बैंक अंडर सेक्शन हो गए हैं।

### अधिकांश कर्मचारी मिले नदारद, गंदगी का आलम और कंबल को तरसते मरीज

# विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** नवनिर्वाचित शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सोमवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से सुविधाओं की जानकारी ली। बीएमओ से स्वास्थ्य योजनाओं के सही ढंग से क्रियान्वयन कराने के लिए कहा।

सोमवार की सुबह शहपुरा सीट से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे मेंहदवानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने सभी वार्डों में निरीक्षण किया, मरीजों से उनका हाल जाना साथ ही मरीजो ने विधायक जी से शिकायत करते हुए बताया गया कि न हीं उन्हें चद्दर दिया जाता है और ना ही ओढ़ने के लिए कंबल की व्यवस्था किया जाता है साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी में अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिला। शहपुरा विधायक ने चिकित्सकों से सही ढंग से उपचार करने और समय से अस्पताल पहुंचने के लिए कहा।



उन्होंने बीएमओ धुर्वे से स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी ली। शहपुरा विधायक ने कहा इमरजेंसी सेवा 24 घंटे चालू रखी जाए। एक्सीडेंट व अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मुहैया कराया जाए। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलीं तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस उपरांत विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने निरीक्षण में पाई कमी व अस्पताल में अभी व्यवस्थाओं से काफी नाराज दिखे इस उपरांत विधायक ने मरीजों और जनता की शिकायत को तत्काल डिंडोरी कलेक्टर विकास मिश्रा को फोन लगाकर तत्काल अवगत कराया गया।

### विधायक ने बीएमओ और सीएमएचओ को लगाई जमकर फटकार

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में लचर व्यवस्था को देख नाराज हुए ओम प्रकाश धुर्वे ने निरीक्षण में पाया 37 कर्मचारियों में 15 कर्मचारी अनुपस्थित, मामले में विधायक धुर्वे ने कहा की अस्पताल परिसर में जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही लापरवाही मामले में कलेक्टर से बात कर लापरवाहों के विरुद्ध कार्यवाही करवाते हुए मरीजों के हितों को ध्यान में रख व्यवस्था में सुधार किया जावेगा। उल्लेखनीय है कि रोगी कल्याण समिति का अध्यक्ष क्षेत्र के विधायक हुआ करते हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामगोपाल साहू मौजूद रहे।

## गंदगी एवं कीचड़ से सराबोर ग्राम चैरा का मुख्य मार्ग



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम चैरा में मुख्य रास्ते के हालात बद से बदतर बने हुए हैं। मुख्य रास्ते से ग्रामीणों का पैदल निकलना भी दूभर हो गया हैं। कीचड़ और गंदगी और उससे उठती दुर्गंध ने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया हैं। ग्रामीण बुजुर्गों सहित बच्चों का घरों से बाहर भी निकलना दूभर हो गया हैं। गांव के मुख्य रास्ते पर इसी स्थान पर पुरी बस्ती हैं। दुर्गा मंदिर और इसी रास्ते से गुजर कर नन्हें नन्हें बच्चे आंगनवाड़ी व स्कूल जाते हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायत के जवाबदार पदाधिकारियों के द्वारा कुछ नहीं किया जा रहा हैं। इस रास्ते से निकलने के दौरान आए दिन स्कूली बच्चे गंदे पानी में गिर जाते हैं। जिससे उनके कपड़े और किताबें खराब हो जाती हैं। हालात यह हैं कि कीचड़ गंदे पानी के जमावड़े से मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ हैं। ग्रामीणों ने सरपंच एवं सचिव से गांव में सफाई व्यवस्था सुचारू कराने की मांग लंबे समय से की जा रही हैं। परंतु उनके द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं आया और बातों को अनदेखा किया जा रहा हैं।

## उत्कृष्ट प्रांगण डिंडौरी में आयोजित वनवासी रामायण मंचन में हुआ केवट का प्रसंग

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला प्रशासन डिंडौरी के निर्देशन में म. प्र. जन अभियान परिषद के द्वारा समस्त विकासखंडों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट प्रांगण डिंडौरी में बनवासी रामायण केवट प्रसंग का खूबसूरत मंचन किया गया। मंच पर प्रभु श्रीराम जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रामायण मंडली के द्वारा भजन की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात स्कूली छात्रों के द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। छात्रों के द्वारा सुंदर अभिनय करते हुए केवट प्रसंग की प्रस्तुत की गई। केवट प्रसंग में प्रभू श्रीराम की आयोध्या के युवराज से वनवासियों के हृदय सम्राट बनने की यात्रा को दिखाया गया। किस प्रकार प्रभु श्रीराम जी केवट की नाव का सहारा लेकर गंगा नदी पार की और केवट समाज के प्रति स्नेह दिखाया। इससे समाज को यह संदेश दिया गया कि जात-पात, अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा कोई नहीं होता भगवान सबको समान निगाह से देखते है। इसलिए हमें भी सभी के प्रति समान व्यवहार करना चाहिये। दर्शकों को यह संदेश दिया गया कि केवल गाँव में बड़ी बड़ी बिल्डिंग, पक्के रोड़, बड़े डेम, बड़ी बड़ी फेक्टरियों से ही भारत विकसित नहीं होगा, इसके लिए हमारी संस्कृति, सभ्यता, धर्म और बच्चों में संस्कार का होना विकसित भारत बनने में नींव का पत्थर साबित होगा। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के भव्य आयोजन की जानकारी दी गई। अंत में प्रभु श्रीराम की महाआरती के बाद सभी को समरसता खिचड़ी प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में कलेक्टर श्री विकास मिश्रा, सांसद



प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र राजपूत, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यकारिणी सदस्य श्री राजेन्द्र पाठक, पार्षद श्रीमती सारिका नायक, श्री रजनीश राय, एसडीएम डिंडौरी श्री रामबाबू देवांगन, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्री महेश पाराशर, जिला समन्वयक जनअभियान परिषद श्री बद्रीनाथ चैहान, जिला योजना अधिकारी श्री ओ.पी.सिरसे, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्री सुरेश द्विवेदी, ब्लॉक समन्वयक श्री गणेश राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## शीत लहर के साथ बढ़ा ठंड का असर

### खबर का हुआ असर

**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** मध्य प्रदेश डिंडोरी जिला में इन दोनों ठंड का प्रकोप इतना ज्यादा बढ़ गया है कि शाम होते ही गांव नगर के रोड सड़कों में सन्नाटा छा जाता है ऐसा ही मामला डिंडोरी जिला शहपुरा नगर परिषद का है जहां कुछ दिन पहले ही हरिभूमि दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित किया था कि शहपुरा नगर परिषद के द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं किया था जबकि ठंड इतना बढ़ गया है कि लोग ठिठुरने को मजबूर है इस उपरांत नगर परिषद की टीम खबर को संज्ञान में लेते हुए तत्काल शहपुरा नगर के चार चैराहों व अस्पताल बस स्टैंड में लकड़ी की तत्काल व्यवस्था की वह अब अलाव हर जगह जलने लगे हैं जिससे लोगों को ठंड से बचने के लिए राहत की सांस ली। डिंडोरी जिला में शीत लहर का असर बढ़ने के साथ अब कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को पूरे दिन तापमान अधिकतम 26 से देर शाम न्यूनतम आठ डिग्री सेल्यिस के बीच रहा। मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के मद्देनजर तापमान में लगातार परिवर्तन की स्थिति देखी जा रही है। वनांचल क्षेत्रों में सर्द हवा का अधिक असर देखा जा रहा है। ठंड से बचने के लोग गर्म कपड़े व अलाव का सहारा ले रहे हैं। बदली छंटने के बाद कंपाने वाली ठंड में इजाफा हो गया है।

आसमान साफ होने व शीत लहर असरकारी से ठंड का असर तेज हो गया है। दोपहर में जहां धूप भाने लगी है, वहीं छांव में जाने से ठंड लगने लगती है। सुबह के समय वातावरण में घना कोहरा छाया रहता है। लोगों सूरज निकलने का बेसब्री से इंतजार रहता है। गुनगुनी धूप लोगों को सुहानी लगने लगी है। दोपहर के बाद सूरज ढलने की स्थिति में ठंड का असर फिर तेज होने लगता है। सुबह व शाम के समय घना कोहरा छाया रहता है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में शीत लहर व कोहरे का अधिक असर देखा जा रहा है। बीते वर्ष जहां दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह तक तापमान 27 से 8 डिग्री


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Narmada Bhoomi - 07 Jan 2024 - Page 3
शीत लहर ठंड का बढा प्रकोप
सुबह छाया रहता है कोहरा
शाम होते ही कस्बा में पसर जाता है सन्नाटा

सेल्सियस था, जो इस वर्ष घटकर एक से दो डिग्री सेल्सियस कम हो गया है। तापमान में आई कमी के कारण प्रशासनिक कार्यालयों के अलावा अन्य क्षेत्रों में कामकाज में असर होने लगा है। मौसम में तेजी से जारी परिवर्तन की वजह से सर्दी जुकाम जैसी बीमारियों के बढ़ने के साथ स्नोफिलिया का असर देखा जा रहा है।

### शाम होते ही पसर जाता है सन्नाटा-

दिन छोटा व रात बड़ी होने के कारण शाम 5.30 के बाद अंधेरा पसर जाता है। शीत लहर का प्रकोप होने से देर शाम के समय सड़कों में सन्नाटा पसर जाता है। ठंड का असर होने से लोग देर शाम यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं। घना कोहरा होने के कारण वाहन चालकों को भी देर शाम समस्या होती है।

### अलाव की नहीं व्यवस्था-

नगर परिषद की ओर से ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था प्रतिवर्ष की जाती है। चैक चैराहों में लकड़ियों का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया जा रहा है। देर शाम आवागमन करने वाले राहगीरों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राहत पाने के लिए लोग कागज पॉलीथिन आदि को जलाकर अलाव ताप रहे हैं।



## जिले में 2 चैकी का उन्नयन और 6 नई पुलिस चैकियां खोलने का प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नई पुलिस चैकी खोलने और दो पुलिस चैकियों के उन्नयन को लेकर राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की ।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री को लेकर भी चर्चा की। नवागत पुलिस अधीक्षक ने जानकारी मिलने पर कार्यवाही का भरोसा दिया है।

**06 नई पुलिस चैकियां खोलने और दो चैकियों के उन्नयन का प्रस्ताव-**

बैठक में कलेक्टर श्री विकास मिश्रा और नवागत पुलिस अधीक्षक श्री अखिल पटेल ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर बताया कि जिले में वर्तमान समय में डिंडोरी, शहपुरा, शाहपुर, गाड़ासरई, मेंहदवानी और तीन थाने नक्सल प्रभावित करंजिया, बजाग और समनापुर है। विक्रमपुर, बिछिया, गोपालपुर (नक्सल प्रभावित) और अमरपुर पुलिस चैकी है। जिसमे अमरपुर और विक्रमपुर पुलिस चैकियों के उन्नयन का प्रस्ताव किया जा रहा है। छरू जगह सक्का, नेवसा, बटौंधा, मानिकपुर, गोरखपुर, चाडा में नई पुलिस चैकियां खोलने का प्रस्ताव है। ताकि ग्रामीण लोगो की आसानी से पुलिस तक पहुंच हो सके । दो तीन दिन बाद फिर बैठक कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया जायेगा। बैठक में फिर उठा अवैध शराब का मुद्दा- कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व और पुलिस अधिकारियों के सामने ग्रामीण इलाको में भेजी जा रही अवैध शराब को रोकने की मांग उठी। बैठक में करंजिया जनपद अध्यक्ष चरण सिंह धुर्वे ने पुलिस अधीक्षक के सामने बात रखी कि ग्रामीण इलाको में ठेकेदार के गुर्गे अवैध शराब का परिवहन बेरोक टोक कर रहे है। पुलिस अधीक्षक ने सूचना मिलने पर कार्यवाही का भरोसा जताया है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, करंजिया जनपद श्री अध्यक्ष चरण सिंह ,डिंडोरी जनपद अध्यक्ष आशा सिंह, शहपुरा जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो सहित जनप्रतिनिधि और पुलिस और राजस्व के अधिकारी मौजूद रहे।

## वोटरलिस्ट में नाम नहीं होने पर रोका जाएगा वेतनः कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर आर.पी. तिवारी, एसडीएम डिण्डौरी रामबाबू देवांगन, एसडीएम शहपुरा श्रीमती निशा नापित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर मिश्रा ने नगर परिषद डिंडोरी में नर्मदा नदी के किनारे सड़क पर लगाई जाने वाली दुकानों को सुव्यवस्थित करने करने को कहा है। साथ ही साफ सफाई नियमित बनाए रखने और खुले में मछली, चिकन, शराब आदि विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक, बैंक प्रबंधक एवं छात्रा हुई 'स्टार ऑफ द मंथ' से सम्मानित-

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज समय-सीमा की बैठक के पूर्व प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सुनीता उईके एकीकृत बाल विकास माध्यमिक शाला किसलपुरी को प्रोजेक्ट संकल्प के दौरान टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने के लिए स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया। इसी प्रकार से उन्होंने माध्यमिक शिक्षिका सुश्री रोशनी मेहरा सीएम राइज स्कूल अमरपुर को प्रोजेक्ट संकल्प के दौरान टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने के लिए, माध्यमिक शिक्षक मधुदीप उपाध्याय एकीकृत माध्यमिक शाला सारंगगढ को प्रोजेक्ट संकल्प के दौरान टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने के लिए, प्राथमिक शिक्षक राजेन्द्र कुमार परस्ते प्राथमिक शाला बनवासी टोला लालपुर को शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को सर्वांगीण विकास के





लिए अच्छे कार्य करने के लिए, शाखा प्रमुख ब्रजेश द्विवेदी यूको बैंक डिण्डौरी को पीएम स्वनिधि योजना सहित शासन की अन्य योजनाओं के तहत अधिक हितग्राहियों प्रकरण स्वीकृत करने के लिए और छात्रा सुश्री सरोज ठाकुर कक्षा सातवीं सीएम राइज स्कूल अमरपुर को टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल तैयार करने के लिए स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया है।कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किये हैं कि कार्यालयों में कार्यरत शासकीय/अशासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना सुनिश्चित करें। 20 जनवरी 2024 तक सभी अधिकारी अपने कार्यालयों के अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों का वोटरलिस्ट में नाम जुड़वाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारियों-कर्मचारियों के नाम वोटरलिस्ट में नहीं होने की स्थिति में उनके वेतन आहरण में रोक लगा दी जाएगी।

कलेक्टर ने टीएल बैठक में बताया कि केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने तथा योजनाओं से हुये विकास से आम लोगों को अवगत कराने विकसित संकल्प भारत यात्रा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 26 जनवरी तक संचालित रहेगी। हितग्राहियों को योजनाओं का मौके पर ही लाभ दिलाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा शिविर का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायत में हो। इस यात्रा को प्रभावी बनाने के लिए लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। जहां यात्रा पहुंचने में समय है वहां केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये हितग्राहियों को अभी से चिन्हित कर ऐसे हितग्राहियों से आवेदन लेकर यात्रा के दौरान ही उन्हें हितलाभ प्रदान किया जाए। यात्रा के दौरान की प्रत्येक गतिविधि को पोर्टल पर समय पर ऑनलाइन वीडियो और फोटो अपलोड करने के निर्देश भी दिये। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्थल पर आयुष्मान कार्ड के वितरण, नये आयुष्मान कार्ड बनाने, किसान क्रेडिट कार्ड, ई-केवायसी एवं आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के पात्र परिवारों की पात्रता पर्ची बनाने के शिविरों के साथ-साथ बैंको से जुड़ी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना के लिये भी अलग से स्टॉल लगाये जायें। बैंकर्स एवं गैस एजेंसी का स्टाफ भी इसमें मौजूद रहें।

**धान उपार्जन के कार्य को गंभीरता से किया जाये, किसानों को नहीं हो कोई असुविधा-**

बैठक में धान उपार्जन एवं गन्ना खरीदी कार्य की भी समीक्षा उन्होंने की। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन पश्चात किसानों को समय पर भुगतान किया जाये। उपार्जन केन्द्रों पर नॉन एफएक्यू उपज की खरीदी नहीं हो। इसमें गड़बड़ी करने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाये। इसके लिए सभी एसडीएम एवं तहसीलदार अपने-अपने क्षेत्रों में उपार्जन केन्द्रों का सतत रूप से निरीक्षण करेंगे एवं यहां मौजूद क्वालिटी सर्वेयर के सम्पर्क में रहेंगे। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों को असुविधा नहीं हो, इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाये। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर विकास मिश्रा ने 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश भी बैठक में अधिकारियों को दिये। अधिकारी विभागों के मूल कार्यों पर फोकस करें।

## खबर संक्षेप

### डाक्टर विश्वास पर कार्रवाई हेतु पुलिस को निर्देश

**करेली ।** झोला छाप डॉक्टरो पर कोई कार्रवाई नहीं होने से शासन से बिना मान्यता प्राप्त दस्तावेजों के भी मरीजों का इलाज करते रहते हैं मरीज के इलाज करते समय इस तरह के डॉक्टर बड़ी लापरवाही करते समय मरीज को मौत के मुंह में पहुंचने के लिए कोई कसर भी नहीं छोड़ते हैं ऐसे ही एक घटना करेली में हुई जहां पर इमालिया रोड पर स्थित चांदसी दवाखाना के डॉक्टर विश्वास ने गुदा रोग बवासीर का इलाज सन 2021 में करने के बाद शिकायतकर्ता सुभाष वार्ड निवासी को जानकारी लगी कि इसने हमारा इलाज बिना मान्यता प्राप्त कर किया तो उसने 24 दिसंबर 2023 को पुलिस थाना करेली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई करने की संबंधी पत्र दिया इस पत्र को देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई के दौरान 2 जनवरी 2024 को शिकायत शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर सीएम एच ओ डॉक्टर राकेश बोहरे ने आकर चांदसी दवाखाना जाकर उसके एवं बाजू वाली मेडिकल की दुकान की जांच की गई तो बिना परमिशन के एवं बिना मान्यता के इलाज करने एवं दवाई विक्रय करने को लेकर चांदसी दवाखाना को सील कर दिया और सील कर आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस थाना करेली प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि चांदसी दवाखाना के संचालक डॉक्टर विश्वास पर एफ आई आर दर्ज कर अपराध पंजीकृत करें और शिकायतकर्ता से भी कहा कि पुलिस थाना करेली में जाकर अपना बयान दर्ज कराए जिससे कि डॉक्टर विश्वास पर नियमानुसार कार्रवाई हो सके ।

### भाजपा सोशल मीडिया सहसंयोजकों की नियुक्ति

**नरसिंहपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी अभिलाष मिश्रा के अनुमोदन पर सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव द्वारा सोशल मीडिया विभाग के सह संयोजको के पद पर डालचंद चौधरी एवं सुश्री संतोषी सेजल लोधी की नियुक्ति की गई है। उक्त नियुक्ति पर शुभतिंकों द्वारा शुभकामनाएँ प्रेषित की गई ।

### चिन्हित स्थानों पर की गई अलाव की व्यवस्था



**नरसिंहपुर ।** शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका नरसिंहपुर द्वारा आम नागरिकों के लिए अलाव की व्यवस्था की जा रही है जिससे नागरिकों को ठंड से राहत मिल सकें। शहर के विभिन्न स्थानों जैसे जिला चिकित्सालय, नवीन बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन, बैलघर काम्पलेक्स, उत्कृष्ट स्कूल के सामने, कचहारी वाले बाबा, राजीव वार्ड पानी टंकी के पास, थाना कोतवाली के पास आदि पर अलाव की व्यवस्था की गई है। शीतलहर को देखते हुए शहर में 2 स्थानों पर जिसमें बैलघर काम्पलेक्स एवं नवीन बस स्टेण्ड में रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है जिसमें बाहर से आये नागरिकों को रात्रि विश्राम करने की व्यवस्था है जिससे लोगों को शीत लहर से बचाया जा सकें। नगरपालिका अध्यक्ष पं. नीरज महाराज द्वारा नवीन बस स्टेण्ड स्थित रैनबसेरा का औचक निरीक्षण कर वहां ठहरे नागरिकों से चर्चा की एवं उपस्थित कर्मचारी को निर्देश दिये की रैनबसेरा में समुचित व्यवस्था रखें किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए।

### शिवम मिश्रा आज आकाशवाणी पर



**तेंदूखेड़ा-** जनपद पंचायत चांवरपाठा मे लिपिक कृष्ण कुमार मिश्रा के सुपुत्र एवं राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित शिवम मिश्रा का आकाशवाणी भोपाल पर विशेष साक्षात्कार का प्रसारण आज 9 जनवरी शाम 5:05 बजे से किया जाएगा। शिवम को विगत वर्ष भारत सरकार द्वारा सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए।

# 12 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे : विधायक नागेश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुँचाने चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 12 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने शिरकत की। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इस मौके पर नागरिकों को दी गई।

### लोग योजनाओं का लें लाभ

इसी क्रम में चांवरपाठा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बरमानखुर्द व लिंगा में विधायक विश्वनाथ पटैल शामिल हुए। उन्होंने यहां केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और हितग्राहियों से उनके आवेदन पत्र भी लिए गये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक इन योजनाओं का लाभ पहुँचे इसी मकसद से ये शिविर प्रदेश भर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगाये जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से इन शिविरों में शामिल होने तथा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।




### पात्रों व्यक्तियों को हितलाभ वितरित

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत ठेमी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र नागेश ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किये। उन्होंने शिविरों में लगाये गये स्टालों का अवलोकन भी किया तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने की शपथ भी दिलाई। विधायक श्री नागेश ने नागरिकों से कहा कि केंद्र शासन की जन कल्याण की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचे, कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

### प्रधानमंत्री के संदेश का हुआ प्रसारण

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि यात्रा के तहत आयोजित शिविरों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ लें। शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

# श्वेत, सिंदूरी वस्त्र, हाथों में भगवा, जयकारे रामलला के, राममय हुआ नगर





### श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा चल समारोह में उमड़ा सनातनी सैलाब

हरिभूमि न्यूज - करेली।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत रविवार को करेली में भव्य एवं विशाल चल समारोह निकाला गया। जिसमें करेली खंड के अंतर्गत नगर एवं पांच उपखंडों से बड़ी संख्या में प्रभु श्री रामलला के भक्त, युवा एवं मातृ शक्ति ने सहभाग कर प्रभु का गुणगान किया। श्वेत वस्त्र व भगवा ध्वज लिए युवजन एवं भगवा रंग की साड़ी में मातृशक्ति के अपार उत्साह ने शोभायात्रा को वैभव प्रदान किया। श्री राम वंदना के इस अभूतपूर्व आयोजन की अगुवाई संत महात्माओं एवं वरिष्ठ जनों ने की। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत करेली खंड के 156 ग्राम, 5 उपखंड, 18 मंडल की 5 यात्राएं ढोल बाजे के साथ निकाली गई जिनका एकत्रीकरण श्री हनुमान मंदिर पुरानी गल्ला मंडी में हुआ। जहां श्री हनुमान चालीसा पाठ, संत महात्मा जनों के सम्मान एवं वर्ष 1990-92 में श्री राम मंदिर आंदोलन में शामिल कार सेवकों का सम्मान किया गया। जिसके उपरांत श्री हनुमान मंदिर से नगर के मुख्य मार्ग होते हुए नगर के प्रधान देवालय श्री राम मंदिर तक भव्य चल समारोह निकाला गया। भव्य चल समारोह में प्रभु श्री राम दरबार की जीवंत झांकी, अखाड़े, आतिशबाजी के साथ-साथ हजारों की संख्या में श्वेत वस्त्र धारण किए भगवाधारी युवा दल, भगवा रंग की साड़ी में कलशधारी मातृशक्ति द्वारा शोभायात्रा को वैभव स्वरूप प्रदान किया गया। चल समारोह की संपन्नता पर नगर के अग्रणी देवालय श्री राम मंदिर में भव्य समापन समारोह में श्री राम स्तुति, श्री हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया।

### 22 जनवरी तक विविध कार्यक्रम..

मेरी अयोध्या, मेरा गांव, मेरा मंदिर। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह- 16 से 22 जनवरी के मंदिर आधारित कार्यक्रमो में 16 जनवरी मंगलवार को सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ, 17 जनवरी बुधवार को महाआरती, 18 जनवरी गुरुवार को सत्संग, 19 जनवरी शुक्रवार को शक्ति उपासना के कार्यक्रम, 20 जनवरी शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ, 21 जनवरी, रविवार को प्रभात फेरी व 22 जनवरी सोमवार को सभी मंदिरों में छउऊ/प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण किया जावेगा। जो तदनुसार अपने-अपने स्थान पर धार्मिक अनुष्ठान करना है, तत्पश्चात हवन, आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम करना है। इस पावन दिन को अपने घरों को सजाना है और सायंकाल 11 घी के दीपक जलाकर प्रभु श्रीराम की सपरिवार स्तुति-आरती करना है।



# हरिभूमि जनता की आवाज उठाने में सर्व श्रेष्ठः कैलाश सोनी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

सोमवार को राज्य सभा सांसद के निज निवासी पर हुई चर्चा के दौरान राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी द्वारा दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र का अवलोकन करते हुये भूरि - भूरि प्रशंसा की एवं बताया कि हरिभूमि जनाधार को ध्यान मे रखते हुये सत्य को प्रबलता के साथ प्रस्तुत करने वाला अखबार अनेको बार जो समस्याये हमारे सामने नही आ पाती है वह भी हरिभूमि अखबार की कर्तव्य निष्ठ टीम द्वारा पूरे परिश्रम व साहस के साथ सभी कठिनाईयों से गुजर कर हमारे सामने लाने का कार्य किया जाता है । उन्होने कामना की हरिभूमि अखवार इसी प्रकार सत्य के साथ प्रगति पथ पर कार्य करता रहे । लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय संयोजक एवं राज्यसभा सांसद पर्यावरण प्रेमी, गौ प्रेमी धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले कैलाश सोनी ने अपना जन्मदिन भगवान ब्रह्मा की तपोभूमि ब्रह्मांड घाट पर मध्य प्रदेश की जीवन दायनी मां नर्मदा नदी का पूजन अर्चन कर मनाया । उसके उपरांत नगर में विविध कार्यक्रम किये गये । जिसमे राज्य सभा सांसद कैलाश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा , तेदूखेड़ा विधायक मुलायम सिंह पटेल उपस्थित रहे । उसके पश्चात श्री सोनी अपनी गृह निवास तपस्या भवन पहुंचे जहां पर श्री सोनी के शुभ चिंतकों जिला एवं अन्य क्षेत्रों से आये हजारों की संख्या में आए नागरिकों ने शुभकामनाएं दी । उक्त मौके पर गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ,नरसिंहपुर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, गाडरवारा नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा हरगोविंद पटेल, अखिलेश ज्योत्षी ,कमलेश कौरव अजय प्रताप सिंह पटेल, गौतम जैन, निरंजन सिंह कौरव, सी आर कौरव, मोहन राजपूत, संतोष रघुवंशी, मुकेश रघुवंशी ,भरत रघुवंशी, सुरेंद्र मोहन नेमा, उदय ठाकुर एस के चतुर्वेदी, पंकज दुबे ,राकेश दुबे , दिनेश अग्रवाल ,नागेश ठाकुर ,अशोक भार्गव,महेश ठाकुर, फादर वर्गीस ,अनिल शर्मा, सत्यप्रकाश साहनी , अमित रघुवंशी , श्रीमती श्रीमती अनीता सुरेंद्र मोहन नेमा ज्योति जैन , प्रज्ञा लुनावत प्रज्ञा लूनावत आदि सहित पत्रकार उपस्थित रहे ।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

तेंदूखेड़ा-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा योजनाओं की जानकारी देने की मंशा से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा चांवरपाठा विकास खंड के ग्राम गंगई , बिल्थारी, इमलिया,कढैली, सिमरिया,करहैया, छत्तरपुर नैनवारा चांवरपाठा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंची। जहां क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याण की दिशा मे चलाई जा रही योजनाओं का काफी विस्तार से जिक्र करते हुये क्षेत्र मे एक अच्छा वातावरण बनाने के साथ प्रत्येक पात्र हतग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ दिये जाने की बात रखी। एवं मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को आगाह किया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित समय सीमा मे जनभावनाओं के अनुरूप काम करें। अब किसी भी प्रकार की कोताही और बहानेवाजी नहीं चलेगी। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व विधायक भैयाराम पटेल भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल राजू ठाकुर शिवदयाल खैरोनिया सरदार सिंह पटेल रामेश्वर पटेल देवेंद्र गंगोलिया महेंद्र पटेल श्यामसिंह ठाकुर ब्रजेंद्र पटेल शंकरसिंह ठाकुर कुंजीलाल पटेल सोनू महाराज सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेतागण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने बरमान मेला की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं एसपी अमित कुमार ने बरमान मेला की तैयारियों का जायजा सोमवार को मेला स्थल पर लिया। इसके लिए उन्होंने इस संबंध में बैठक भी बरमान रेस्ट हाउस में ली। उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि मां नर्मदा की भव्य महाआरती के लिए समुचित व्यवस्थायें की जायें। मेला स्थल पर साफ- सफाई रहे, इसके लिए कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाये। यह सुनिश्चित किया जावे कि मेला में सभी दुकानदार डस्टबिन रखें और उसी में कचरा डालें। पॉलीथिन के उपयोग को सख्ती से प्रतिबंधित किया जाये। पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े/ कागज की थैलियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।लोगों को समझाइश दी जाये कि पूजन के निरमाल को नदी में नहीं डाला जाये, इसके लिए अलग से व्यवस्था करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि मेला अवधि में नर्मदा नदी में जल स्तर एक समान बना रहे। इसके लिए उन्होंने बरगी परियोजना जबलपुर के अधिकारी को अवगत कराने एवं उनसे लगातार सम्पर्क में रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्रीमती पटले ने होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम की तैनाती, नदी में गहराई के संकेतक लगाने व जल स्तर एक समान बनाये रखने, पार्किंग, सीसीटीव्ही, सूचना बोर्ड, बिजली आपूर्ति एवं कनेक्शन, फायर बिग्रेड आदि के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने नर्मदा नदी में गहराई के संकेतक व जाली लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने बचाव के लिए होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम की तैनाती करने के लिए निर्देशित किया। श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो उसका विशेष ध्यान रखा जाये। अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश उन्होंने दिए। मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी मेला अवधि तक लगी हो। इन बातों के भी निर्देश अधिकारियों ने दिए है।